05 नवम्बर 2015

## माननीय राष्ट्रपति महोदय आई आई टी एफ 2015 का उद्घाटन करेंगे




इण्डिया ट्रेड प्रमोशन आर्गनाइजेशन ( आई टी पी ओ )के महत्वपूर्ण वार्षिक मेला - भारतीय अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेले की 35वीं कड़ी का उद्घाटन भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी 14 नवम्बर 2015 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली के हंसध्वनि थियेटर में करेंगे। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री ( आई/सी ) श्रीमती निर्मला सीतारमन करेंगी।

इस वर्ष आई आई टी एफ तथा इसकी थीम - 'मेक इन इण्डिया' को भारत के माननीय प्रधान मंत्री के विजन को पूरा करने की वचनबद्धता को प्रदर्शित किया जाएगा। 'स्मार्ट सिटी ', डिजिटल इण्डिया, माडल गॉवों, स्वच्छ गंगा मिशन और 'जनधन योजना' आदि विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए भारत की बढ़ रही ग्लोबल छवि केन्द्रीय एवं राज्यों के मण्डपों में प्रदर्शित की जाएगी जिसे 'स्वच्छ भारत' को समर्पित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया है।

आई आई टी एफ भारत के आकार, प्रगति, विविध संस्कृति और महत्वपूर्ण खण्डों में प्राप्त की गयी उपलब्धियों की अभिव्यक्ति करता है। यह मेला आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं पारम्परिक कौशलों के समन्वयन हेतु एक अद्वितीय स्थल है। व्यापारी समुदाय हेतु यह विशेष महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें अक्षय एवं समावेशी रोजगार नीत प्रगति एवं विकास में अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान करता है। यह मेला लघु एवं मझोले उद्यमों के निर्यातकों, उद्यमियों और निवेशकों को एक विश्वस्त एवं जांचा-परखा मंच प्रदान करता है।

इस वर्ष के मेले में अफगानिस्तान को साझेदार देश तथा बांगला देश को 'फोकस देश' का एवं गोवा और झारखण्ड को 'साझेदार राज्य' तथा मध्य प्रदेश को फोकस राज्य का दर्जा दिया गया है।

इस मेले में 7000 से भी अधिक भारतीय एवं विदेशी फर्में भाग ले रही हैं। विदेशी भागीदारी मुख्यतः अफगानिस्तान, मिस्र गणराज्य, बहरीन, बंगला देश, भूटान, चीन, क्यूबा, जर्मनी, गुयाना, हांगकांग, इण्डोनेशिया, इराक, ईरान, केन्या, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, थाइलैण्ड, तिब्बत, टर्की, यू ए ई, ऊगाण्डा और वियतनाम से है।

आई आई टी एफ एशियाई व्यापार संवर्धन फोरम ( ए टी पी ई ) का संस्थापक सदस्य है जो इसका ध्वजपोत वाहक मेला है जो इण्डिया कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो ( आई सी पी बी ) का भी सदस्य है। यह आई आई टी एफ

के अलावा देश-विदेशों में विश्वस्तर की प्रदर्शनियां एवं व्यापार मेले आयोजित करता है। अफ्रीका, आसियान, लैटिन अमेरिका, मैक्सिको, उत्तरी अमेरिका, सी आई एस तथा उनके भारत स्थित प्रतिपक्षी भारतीय उत्पादों तथा सेवाओं के लिए नयी बाजार ढूंढ रहे हैं। आई टी पी ओ को पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रदर्शकों की संस्था, प्रदर्शन की क्वालिटी तथा इसकी वित्तीय आवश्यकता की सीमा हटाने में इसके अवरोधों को दूर करने में उत्कृष्ट ग्रेड मिला है ।

नई पहलें

- नये/युवा/ स्टार्ट अप- उद्यमियों को 486 व.मी. विशिष्ट क्षेत्र अथवा 54 स्टालों के लिए सामान्य दर से 50 प्रतिशत छूट दी गई।
- जैसा कि आम जनता के लिए निर्धारित अलग समय के दौरान व्यापारी दिवसों के लिए निर्धारित समय में भी स्कूली बच्चों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि बच्चों के लिए प्रवेश टिकटें आम दिवसों की तरह 30 रुपये तथा 50 रुपये कर दिये गए हैं।
- व्यापारिक दिवसों के लिए भी टिकटों की आन लाइन खरीद जिससे व्यापारी दर्शक अब पहले पांच दिवसों को भी आन लाइन खरीद कर सकते हैं।
- आई टी पी ओ हरे, लाल और नीले रंगों के कलर - कोड के साथ प्रगति मैदान के अन्दर सर्कुलर बस सेवा शुरू करेगा। इससे प्रगति मैदान में 10-10 मिनट के अन्तराल में एक कोने से दूसरे कोने के पैविलियन देखने की सुविधा मिलेगी। आम जनता के लिए निःशुल्क बस सेवा सुलभ है।
- आन-लाइन पंजीकरण सिस्टम के माध्यम से वी आई पी/प्रोटोकाल प्रवेश, जहां ऐसे दर्शक प्रोटोकाल सेवाओं हेतु अग्रिम बुकिंग करा सकते हैं।
- आई टी पी ओ महिला शौचालयों के वेंण्डिग प्वाइन्टों पर मुफ्त सेनिटरी नैप्किन सेवा शुरू कर रहा है।
- 2 से बढ़ा कर 6 एल ई डी स्क्रीनों के माध्यम से प्रचार ताकि इस सुविधा का लाभ प्रदर्शक उठाते हुए अत्यन्त प्रतियोगी दरों पर अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रचार करा सकें।
- आई टी पी ओ स्वयं को स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इण्डिया इत्यादि के प्रति समर्पित कर रहा है। सर्वोत्तम राज्य मण्डप के लिए एक अलग पुरस्कार श्रेणी शुरू की गई है। जो उनके राज्य मण्डप के अन्तर्गत की गई स्वच्छ भारतीय पहल के प्रति समर्पित होगी।
- आई आई टी एफ की थीम 'मेक इन इण्डिया' है जो प्रत्येक राज्य के इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा भारतीय प्रदर्शकों की क्षमता इस मेले के माध्यम से भारत में निवेश आकर्षित करने के प्रचार करने हेतु बनाई गई है।

- वरिष्ठ नागरिकों/विकलांग व्यक्तियों को उनकी आयु का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर सभी गेटों से मुफ्त प्रवेश करने की अनुमति होगी। गेट न. 1 पर बैठाने एवं छोड़ने की सुविधा उपलब्ध है।
- आई टी पी ओ बेहतर प्रकाश व्यवस्था करने के लिए प्रगति मैदान परिसर में विभिन्न स्थानों पर पांच 'हाई मास्ट टावर' लगाने की योजना बना रहा है।
- प्रगति मैदान के चारों ओर होप-आन होप-आफ बस सेवा बढ़ाई जाएगी जो 7 से 10 घण्टों के अन्तराल पर सभी गेटों से भीड़ को बाहर करेगी। यह सेवा आने वाले दर्शकों के लिए मुफ्त में दी जाएगी। बस सेवा दो रूटों पर चलेगी जिसमें से पहला गेट न. 2 से गेट न. 1, आई टी ओ, प्रगति मैदान मैट्रो, गेट 8, 7, 5, 4 एवं 3 पर चलेगी। दूसरा रूट गेट 3, 4, 5, 7, 8, प्रगति मैदान मैट्रो, मण्डी हाउस मैट्रो, इण्डिया गेट, नेशनल स्टेडियम, गेट 3 पर चलेगा।
- आई टी पी ओ प्रशासन ब्लाक (गेट न. 3, प्रगति मैदान) की छत पर 50 के वी ए सौर ऊर्जा पैनल प्लान्ट लगा रहा है।
- इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम 19 नवम्बर के बजाय 14 नवम्बर से आरंभ होंगे।
- ऐतिहासिक चौक थियेटर में होने वाले नुक्कड़ नाटकों (स्ट्रीट प्ले) में स्वच्छ भारत अभियान पर प्रकाश डाला जाएगा।
- आई आई टी एफ 2015 में अनेका-अनेक सम्मेलन, सेमिनार, कार्यशालाएं, राज्य दिवस समारोह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। विशिष्ट आउटलेटों पर विविध भारतीय सुस्वादु व्यंजन भी सुलभ होंगे। इसके अलावा देश के सभी कोनों से सरस प्रदर्शनी में व्यक्तिगत रूप से कलाकार भाग ले रहे हैं।

**प्रवेश एवं टिकटों की बिक्री का समय**

मेला प्रातः 9.30 बजे से शाम 7.30 बजे तक खुला रहेगा। मेले की टिकटें अग्रिम रूप में नहीं बेची जाएंगी यदि किसी दिन के लिए निर्धारित टिकटें मेला बन्द होने के समय से पहले ही समाप्त हो गए तो टिकट बिक्री काउन्टर बन्द कर दिए जाएंगे। प्रतिदिन मेले में प्रवेश दोपहर बाद 5 बजे बन्द कर दिया जाएगा।

19 से 27 नवम्बर 2015 तक वरिष्ठ नागरिकों एवं विकलांग व्यक्तियों का प्रवेश मुफ्त होगा। वरिष्ठ नागरिकों एवं विकलांग व्यक्तियों के अटेण्डेन्ट को उस विशिष्ट दिन के लिए लागू दर पर अपने लिए टिकट खरीदना होगा। विद्यार्थी समूह के लिए निःशुल्क प्रवेश नहीं होगा बल्कि विद्यार्थी समूह के लिए रियायती दर पर प्रवेश होगा।

**प्राथमिक सहायता**

प्राथमिक सहायता हाल न. 14 और 6 तथा हाल न. 19 में डिस्पेन्सरी में सुलभ होगी।